2020/00089

फर्द अहकाम

(नियम–26)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्री प्रवीण लड्ढ़ा पिता श्री सुरेशचन्द्र लड्ढ़ा निवासी 49–50, नवकार रेजीडेन्सी, शिवालिक विहार, फ्लेट नं. 3, प्रथम तल, चामटी खेड़ा रोड़, चित्तौड़गढ़

बनाम

आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 29 /2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.03.2020	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री प्रवीण लड्ढ़ा पिता श्री सुरेश चन्द्र लड्ढ़ा निवासी शिवालिक विहार, चामटी खेड़ा रोड़, चित्तौड़गढ़ ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 20.01.2020 को आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं भी नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से संबंधित है जो कि स्वायत्त शासन विभाग का विषय है। आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता/क्षैत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी (अध्यक्ष/सभापति, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़) के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। 2/3/20 (चेतन देवड़ा) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)	

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official